INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Date:
Worksheet No: 1	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सात मील दूर एक छोटे से रेलवे टाउन, मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता शारदा प्रसाद एक स्कूल शिक्षक थे। जब लाल बहादुर शास्त्री केवल डेढ़ वर्ष के थे तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। उनकी माँ अपने तीनों बच्चों के साथ अपने पिता के घर जाकर बस गईं।

उस छोटे-से शहर में लाल बहादुर की स्कूली शिक्षा कुछ खास नहीं रही लेकिन गरीबी की मार पड़ने के बावजूद उनका बचपन पर्याप्त रूप से खुशहाल बीता।

उन्हें वाराणसी में चाचा के साथ रहने के लिए भेज दिया गया था ताकि वे उच्च विद्यालय की शिक्षा प्राप्त कर सकें। घर पर सब उन्हें नन्हे के नाम से पुकारते थे। वे कई मील की दूरी नंगे पाँव से ही तय कर विद्यालय जाते थे, यहाँ तक की भीषण गर्मी में जब सड़कें अत्यधिक गर्म हुआ करती थीं तब भी उन्हें ऐसे ही जाना पड़ता था।

बड़े होने के साथ-ही लाल बहादुर शास्त्री विदेशी दासता से आजादी के लिए देश के संघर्ष में अधिक रुचि रखने लगे। जब वे ग्यारह वर्ष के थे तब से ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था।

1. श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म कब हुआ था?
   * 5 अक्टूबर 1908 को
   * 20 अक्टूबर 1905 को
   * 2 अक्टूबर 1904 को
   * 8 अक्टूबर 1904 को

2. श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म कहाँ हुआ था?

* जयपुर में * मुगलसराय में
* चंडीगढ़ में * मथुरा में

3. शास्त्री जी के पिताजी का नाम क्या था?

* भवानी प्रसाद * मोहन प्रकाश
* शारदा प्रसाद * रतन प्रसाद

4. जब शास्त्री जी के पिता का देहांत हुआ तब उनकी उम्र कितनी थी?

* डेढ़ वर्ष * चार साल
* पाँच साल * तीन साल

5. शास्त्री जी को उच्च विद्यालय की शिक्षा प्राप्त करने के लिए कहाँ भेजा गया?

* मनाली * वाराणसी
* दिल्ली * कश्मीर

6. श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को सब घर पर किस नाम से जानते थे?

* लला * छोटू
* नन्हे * बिट्टू

◆ दिए गए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए |

मृत्यु - .... बड़े - ....

निम्न - .... सर्दी - ....

◆ सही / गलत बताइए|

1. श्री लाल बहादुर शास्त्री के पिता शारदा प्रसाद एक डॉक्टर थे। ( )
2. शास्त्री जी को उनके चाचा के साथ रहने के लिए भेज दिया गया था| ( )
3. शास्त्री जी की बस द्वारा विद्यालय जाते थे| ( )
4. ग्यारह वर्ष की उम्र में ही शास्त्री जी ने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। ( )

****